सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-481
07/10/2017

मुख्यमंत्री ने भाकपा नेता एवं पूर्व सांसद गया सिंह के निधन पर गहरी शोक संवदेना व्यक्त की

पटना, 07 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला निवासी भाकपा नेता एवं पूर्व सांसद गया सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेता एवं प्रसिद्ध मजदूर नेता थे। मजदूर आन्दोलन में उनका अहम योगदान था। उनके निधन से सामाजिक, राजनीतिक एवं मजदूर आन्दोलन के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******